## महत्वपूर्ण एवं खास

### 12 वीं बोर्ड की विशिष्ट हिन्दी परीक्षा संपन्न

**9110 परीक्षार्थी में 150 अनुपस्थित रहे**

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2025 कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 1 मार्च को विशिष्ट हिन्दी विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 9 हजार 110 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 8 हजार 960 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 150 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### 7 हार्डकोर ईनामी माओवादियों ने किया सरेंडर

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों का आत्मसमर्पण जारी है. इसी क्रम में सुकमा में एक नक्सली दंपति समेत 7 हार्डकोर ,माओवादियों ने सरेंडर किया है। जिन पर कुल 32 लाख का इनाम था। इनमें दो पुरुष और एक महिला नक्सली पर 8-8 लाख रुपए का इनाम था। स्क्क किरण चव्हाण के समक्ष इन्होंने सरेंडर किया है। ये नक्सली 2021 में टेकलगुड़ा घटना में शामिल थे। बता दें कि इस घटना में 22 जवान शहीद हुए थे। इधर बीजापुर में गंगालूर एरिया कमेटी अंतर्गत पीडिय़ा आरपीसी के 01-01 लाख रूपये के 02 ईनामी माओवादी सहित कुल 03 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है।

### शराबी शिक्षक को किया गया निलंबित

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** शराब के नशे में ड्यूटी करने वाले लापरवाह सरकारी कर्मचारियों पर निलंबन की कार्रवाई की गई है. पंचायत चुनाव के लिए वोटिंग के दौरान जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता पौलुस बड़ा और शासकीय प्राथमिक शाला कड़ार के सहायक शिक्षक विजय कुमार केने शराब के नशे में पाए गए. इस लापरवाही पर सख्ती दिखाते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर ने दोनों निलंबित कर दिया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान के दौरान अधिकारी के रूप में नियुक्त सहायक अभियंता पौलुस बड़ा ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में पाए गए. इससे निर्वाचन कार्य प्रभावित हुआ. उनके इस कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम का उल्लंघन मानते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. इसी तरह नगर पालिका आम निर्वाचन में नगर पालिक निगम बिलासपुर के अंतर्गत मतदान कार्य में नियुक्त सहायक शिक्षक विजय कुमार केने 10 फरवरी को मतदान सामग्री वितरण के दौरान नशे की हालत में पाए जाने के कारण निलंबित किया गया है।

### अवैध प्लाटिंग के खिलाफ निगम ने की सख्ती

**धमतरी-रायपुर (आरएनएस)।** नगर निगम ने शुक्रवार को अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई की है। शीतला मंदिर के पास स्थित 2 एकड़ कृषि भूमि पर भू-माफिया अवैध प्लाटिंग कर रहे थे। इस मामले में निगम ने पहले नोटिस जारी किया था, लेकिन भू-माफिया द्वारा कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किए गए। इसके बाद निगम ने कड़ा रुख अपनाते हुए कार्रवाई की। भू-माफिया ने इस जमीन पर मुरुम बिछाकर अवैध रूप से सडक़ का निर्माण कर दिया था। निगम की इस कार्रवाई से अवैध प्लाटिंग पर अंकुश लगने की उम्मीद जताई जा रही है। स्थानीय प्रशासन ने स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धमतरी जिले में भू-माफिया किसानों से कृषि भूमि को सस्ते दामों में खरीदकर अवैध प्लाटिंग का काम कर रहे हैं। शहर के चारों दिशाओं में भू-माफिया बिना भूमि परिवर्तन के कृषि भूमि को प्लॉट में बांटकर महंगे दामों में बेच रहे हैं।

# नगर पालिका खरसिया के नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न





**❒ खरसिया के समग्र विकास के लक्ष्य के साथ करें काम-उप मुख्यमंत्री अरुण साव**

**रायगढ़**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद खरसिया के नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को खरसिया में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया, सांसद राज्यसभा देवेन्द्र प्रताप सिंह व विधायक बस्तर किरण सिंह देव भी शामिल हुए।

खरसिया नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमल गर्ग ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति में शपथ ग्रहण किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सभी नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदगण खरसिया शहर के समग्र विकास के लिए पूरे समर्पण के साथ कार्य करेंगे। अटल विश्वास पत्र में किए गए प्रत्येक वादे को पूरा कर खरसिया शहर को स्वच्छ, सुन्दर एवं सुविधापूर्ण शहर बनाने की दिशा में दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार खरसिया शहर की तरक्की के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बीते 15 महीने में प्रदेश के नगरीय निकायों में 7500 करोड़ रुपये से अधिक राशि से विकास कार्य किया गया है। इस दौरान सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया, सांसद राज्यसभा देवेन्द्र प्रताप सिंह व विधायक जगदलपुर किरण सिंह देव ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खरसिया शहर के सर्वांगीण विकास हेतु राज्य सरकार की ओर से हरसम्भव पहल करने की बात कही। शपथ ग्रहण समारोह में महापौर रायगढ़ जीवर्धन चौहान, अरुणधर दीवान, विजय अग्रवाल, गुरूपाल भल्ला, श्रीकांत सोमावार, सुभाष पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## कृषक विद्याधर पटेल को मिला राष्ट्रीय सम्मान



**रायगढ़**

केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री श्री.एच.डी. कुमार स्वामी द्वारा कृषि में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य के लिए आईआईएचआर बैंगलोर में आयोजित गरिमामय सम्मान समारोह में लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम-कोड़केल के कृषक विद्याधर पटेल को राष्ट्रीय नवाचार किसान सम्मान से नवाजा गया। देश के 8 कृषकों में छत्तीसगढ़ से रायगढ़ जिले के एक मात्र किसान है विद्याधर पटेल। गेंदा बाबा के नाम से मशहूर प्रगतिशील किसान विद्याधर पटेल को अपने नवाचार और अन्य कार्यों के लिए राष्ट्रीय इनोवेटिव किसान सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया। जिन्होंने गेंदा की खेती में पॉली बेग तकनीकी से 1.5 लाख पौधे बेचकर 30 लाख रुपये कमाए है।

यह सम्मान उन्हें इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ.गिरीश चंदेल, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ.विवेक त्रिपाठी एवं निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ.एस.एस.टुटेजा के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.बी.एस.राजपूत, वैज्ञानिक डॉ.मनीषा चौधरी, वैज्ञानिक डॉ.के.डी.महंत, वैज्ञानिक डॉ.के.एल.पटेल, वैज्ञानिक डॉ.के.के.पैंकरा एवं डॉ.सोलंकी के साथ कृषि विज्ञान केन्द्र रायगढ़ के समस्त स्टॉफ के सहयोग से प्राप्त हुआ।

## 'वित्तीय समझदारी-समृद्ध नारी' विषय पर आयोजित हुई वित्तीय साक्षरता सप्ताह

**रायगढ़**

वित्तीय साक्षरता सप्ताह एक केंद्रित अभियान के माध्यम से हर साल प्रमुख विषयों पर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आरबीआई की एक पहल है। इस वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025 'वित्तीय समझदारी-समृद्ध नारी' विषय पर जिले में 24 से 28 फरवरी 2025 तक आयोजित किया गया है।

इसके तहत जिला रायगढ़ में लीड बैंक प्रबंधक कमल किशोर सिंह के नेतृत्व में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एफएलसी राजकुमार शर्मा, मनीवाइज-वित्तीय साक्षरता केन्द्र खरसिया, घरघोड़ा एवं बरमकेला द्वारा भालूमार, बासनपाली, लोधिया, कचकोबा, केनसरा, अंजोरीपाली, बसनाझर, आमाघाट, कचकोबा, सामारूमा, बरौद, बरपाली, सेन्द्रीपाली ग्रामों में एवं पंचायत भवन रायगढ़ में छ.ग.राज्य ग्रामीण बैंक में कार्यरत बैंक सखी, बैंक मित्र के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम आयोजन किया गया।




जिले के विभिन्न कार्यक्रम में 688 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं को समृद्ध नारी बनने के लिए प्राथमिकताओं का सही तरीके से निर्धारण करना, बजट बनाना, साथ ही जिम्मेदारी से लोन लेकर अच्छा क्रेडिट स्कोर बनाने के लिए विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही डिजिटल बैंकिंग (ऑनलाइन हस्तांतरण यूपीआई, डिजिटल बैंकिंग सावधानियां और धोखाधड़ी से बचने के तरीके) साधारण एवं चक्रवृद्धि ब्याज में अंतर एवं फायदे, जिम्मेदारीपूर्ण उधार, अलग-अलग जगह निवेश और बचत, बैंक व्यवसाय प्रतिनिधि द्वारा दी जाने वाली बैंकिंग सेवा की जानकारी, मुद्रास्फीति और डिजिटल लेंडिंग ऐप, डिजिटल रुपया, अकाउंट एग्रीगेटर, ग्राहकों की सुरक्षा, बैंकों में जमा धन राशि पर उपलब्ध बीमा और बैंकिंग लोकपाल-सीएमएस पोर्टल, सचेत पोर्टल संबंधित विषयों पर आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। एवं 14448 आरबीआई लोकपाल एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में बताया गया।

## घरघोड़ा पुलिस ने जंगल से बरामद किया चोरी हुआ ट्रैक्टर, चार आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़**

रायगढ़ जिले के घरघोड़ा थाना क्षेत्र में हुई ट्रैक्टर चोरी का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किए गए ट्रैक्टर और ट्रॉली को बरामद कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 05, घरघोड़ा निवासी गगन साहू (26) ने कल थाना घरघोड़ा में ट्रेक्टर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने बताया कि करीब छह महीने पहले खेती कार्य के लिए महिंद्रा ट्रैक्टर और ट्रॉली खरीदी थी, जिसे कंचनपुर निवासी बबलू उरांव चलाता था। इसे ड्रायवर बबलू ने बताया कि 27 फरवरी की रात उसने ट्रैक्टर को अपने घर के सामने शालीमार रोड पर खड़ा किया था, लेकिन सुबह छह बजे उठने पर देखा तो ट्रैक्टर गायब था। काफी तलाश के बाद भी ट्रैक्टर का पता नहीं चलने पर पुलिस को सूचना दी गई।

की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी रामकिंकर यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने




जांच शुरू की। बीट में मुखबिरों से सूचना मिलने पर संदेही निर्मल उरांव, शेख साहिल उर्फ अप्पू, तारिक अनवर उर्फ मोनू और एक अपचारी बालक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान पहले तो आरोपियों ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन सख्ती से पूछने पर उन्होंने चोरी की बात कबूल कर ली।

आरोपियों ने बताया कि कुछ दिन पहले ही उन्होंने ड्राइवर बबलू उरांव के ट्रैक्टर को चोरी करने की योजना बनाई थी। 27 फरवरी की रात ट्रैक्टर चोरी कर उसे पंडरीपानी जंगल में छिपाया और ग्राहक तलाशने लगे, लेकिन पुलिस की सतर्कता से वे जल्द ही पकड़ लिए गए।

पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किया गया महिंद्रा ट्रैक्टर (सीजी 13 बीबी 3796) और ट्रॉली (सीजी 13 एटी 7469) बरामद कर ली, जिसकी कीमत 8.40 लाख रुपये आंकी गई है। मामला संगठित अपराध की श्रेणी में आने के कारण आरोपियों पर धारा 112, 3(5) बीएनएस के तहत भी कार्रवाई की गई। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक रामकिंकर यादव, प्रधान आरक्षक पारसमणी बेहरा, आरक्षक हरीश पटेल और आरक्षक चंद्रशेखर चंद्राकर की अहम भूमिका रही।

**गिरफ्तार आरोपी-**

1. शेख साहिल उर्फ अप्पू पिता शेख हारून उम्र 24 साल निवासी वार्ड नंबर 03 घरघोडा, जिला रायगढ छ.ग.
2. तारिक अनवर उर्फ मोनू पिता मोह. कासीम उम्र 26 वर्ष वार्ड नंबर 02 घरघोडा, जिला रायगढ छ.ग.
3. निर्मल उरांव पिता शिव प्रसाद उरांव उम्र 20 साल वार्ड नंबर 05 घरघोडा, थाना घरघोडा जिला रायगढ
4. विधि के साथ संघर्षरत बालक।

**बरामद-**

महिंद्रा ट्रैक्टर (सीजी 13 बीबी 3796) और ट्रॉली (सीजी 13 एटी 7469) कीमत 8.40 लाख रुपये।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ शिविर का आयोजन संपन्न



**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सारंगढ़ में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना अंतर्गत कुपोषित बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एकीकृत बाल विकास परियोजना सारंगढ़ के सेक्टर सारंगढ़, हरदी और गोडम से लगभग 66 बच्चे लाभान्वित हुए। शिविर में बीएमओ डॉ आर एल सिदार और उनके जांच टीम के डॉक्टर, नर्स, महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका,बच्चों के साथ उनके पालक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कुपोषित बच्चों को कुपोषण के चक्र से बाहर लाकर कुपोषण की दर में कमी लाने हेतु इस योजना का संचालन कराया जा रहा है। इस योजना में कुपोषित एवं संकटग्रस्त बच्चों को चिकित्सीय परीक्षण एवं बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है

## पूर्व विधायक-संसदीय सचिव उपाध्याय ने दिया जान से मारने की धमकी, अपराध दर्ज

**❒ -राकेश सिंह बैस ने दर्ज कराया मामला**

**रायपुर | आरएनएस**

पूर्व विधायक रायपुर पश्चिम विधानसभा विकास उपाध्याय के द्वार व्हाट्सअप पर राकेश सिंह बैस को जान से मारने की धमकी भरा मैसेज और व्हाट्सअप कॉल का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत पीड़ित राकेश सिंह बैस ने पुलिस के उच्च अधिकारी समेत छत्तीसगढ़ के डीजीपी अरुण देव गौतम से भी की है। पीड़ित ने बताया कि वो विगत 35 वर्षों से कांग्रेस पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता होकर संगठन के विभिन्न पदों पर नियुक्त रहा है। विगत 2023 के विधानसभा चुनाव में विकास उपाध्याय को मिली करारी हार एवं लोकसभा सहित वर्तमान के नगरीय निकाय चुनावों में पश्चिम विधानसभा के समस्त वाडों में पार्षद प्रत्याशियों की हार के कारण विकास उपाध्याय ने उनसे द्वेष रखता था और विकास उपाध्याय ने राकेश बैस के खिलाफ षडयंत्र करता है। विगत 2023 में भी विधायक एवं संसदीय सचिव रहते हुए अपने पद का दबाव पुलिस पर बनाकर राकेश सिंह बैस के परिवार के विरुद्ध झूठे प्रकरण दर्ज करवाए और उनके सोसायटी में भी दखलंदाजी करके उनकी बुजुर्ग मां को समिति के कुछ लोगों के साथ मिलकर मंदिर से निकलवाया एवं चाबी छिनवा लिया। बीती दिनांक 27/02/2025 की रात्रि लगभग 10 .30 से 11 बजे के बीच विकास उपाध्याय ने राकेश सिंह बैस को व्हाट्सएप मैसेज किया एवं भद्दी बातें करते हुए राकेश बैस को व्हाट्सएप कॉल करके जान से मरवाने की धमकी देते हुए कहने लगा कि राजनीति खत्म कर दूंगा और मेरी पहुंच बहुत ऊपर तक है एक इशारे पर मेरे गुंडे तेरी जान ले लेंगे और तेरे बच्चों को भी जान से मरवा दूंगा। कहते हुए राकेश बैस और उसके परिवार को खत्म करने की धमकी दिया। जिसके चलते राकेश बैस बहुत ज्यादा डरे हुए है।

## बिरहोर परिवार की 3 महिलाओं को मिल रहा है महतारी वंदन का लाभ, घर के मुखिया को मिला पक्का आवास : आयुष्मान कार्ड बनने से इलाज की चिंता भी हुई दूर

**❒ महिलाएं हुई आर्थिक रूप से सशक्त, घर चलाने में कर रही सहयोग**

**रायगढ़**

धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत जमरगा के रहने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर परिवार के 3 महिलाओं को जहां महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है वहीं परिवार के मुखिया सोनूराम बिरहोर को पीएम आवास के माध्यम से पक्का आवास मिला है। साथ ही घर के पूरे सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनने से इलाज की चिंता भी दूर हो चुकी है। इस तरह उनका पूरा परिवार शासन की विभिन्न योजनाओं से



लाभान्वित हो रहा है।

सोनूराम बिरहोर के परिवार में उनकी पत्नी कुंवारी बाई सहित दो बहु भजमति एवं रत्नी बाई को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। परिवार की 3 महिलाओं को प्रतिमाह एक-एक हजार रुपये मिलने से घर में कुल 3 हजार रुपये की राशि प्राप्त हो रही है। शासन की महतारी वंदन योजना का लाभ मिलने से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होने के साथ ही घर चलाने में सहयोग कर रही है। वहीं परिवार के मुखिया सोनूराम बिरहोर को पीएम जनमन योजना के तहत पक्का मकान बन जाने से परिवार को कई परेशानियों से एक साथ छुटकारा मिल गया है। अब उसे बारिश में छत से पानी टपकने या गीले दीवारों की चिंता दूर हुई। साथ ही सांप बिच्छुओं का भी डर नहीं रहा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ मिलने से जिला प्रशासन सहित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

गौरतलब है कि प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने हेतु, समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी को दूर करने, स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार करने तथा आर्थिक स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना लागू किया गया है। जिसके अंतर्गत राज्य की विवाहित, विधवा परित्यक्ता और तलाकशुदा जिनकी उम्र 21 वर्ष से अधिक हो ऐसी महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इसी प्रकार विशेष पिछड़ी जनजातियों को समाज की मुख्यधारा से जोडऩे और उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने पीएम जनमन का लाभ सुदूर अंचलों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य वाले इलाकों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में जिले में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों का स्वयं के पक्के मकान निर्माण का सपना साकार हो रहा है और उनके परिवारों के जीवन की दशा एवं दिशा बदल रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480